बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
सत्यमेव जयते

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 26

दिनांक 15/4/06

सेवा में,

मुख्य सचिव, बिहार, पटना
सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना ।
सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना
आरक्षी महानिदेशक, बिहार, पटना ।

विषयः श्री अजय कुमार सिंह, (बि0प्र0से0), अनुमण्डल पदाधिकारी, खड़गपुर, मुंगेर को उग्रवादियों द्वारा जानें से मारने की धमकी देने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में संघ को यह सूचना मिली है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर अनुमण्डल के अनुमंडल पदाधिकारी को एम0सी0सी0 द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी है ।

(2) विदित हो कि विगत पॉच वर्षो से मुंगेर जिला का खड़गपुर अनुमण्डल उग्रवाद से गंभीर रूप से प्रभावित है और खड़गपुर अनुमण्डल के भीम बॉध क्षेत्र में मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक के0सी0 सुरेन्द्र बाबु (भा0आ0से0) का उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गयी थी ।

(3) संघ को इस बात का आश्चर्य है कि ऐसे उग्रवाद से प्रभावित अनुमण्डल में महीनो से अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी का पद रिक्त है । इस अनुमण्डल के दो प्रखंडो एवं अंचलो में मात्र दो ही पदाधिकारी पदस्थापित है शेष पद रिक्त है ।

(4) सरकार की नीति के अनुसार उग्रवाद प्रभावित प्रखंडों/अनुमण्डलो में विधि व्यवस्था संधारण/विकास योजनाओ के द्रुतगति से कार्यान्वयन हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करना है । परन्तु इस अनुमण्डल के लिए अबतक अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं किया

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 26   दिनांक............................

जाना घोर आश्चर्य का विषय है जबकि यहाॅ की स्थिति उग्रवाद के कारण बद से बदतर होती जा रही है ।

(5) संघ की यह अपेक्षा होगी की इस अनुमंडल में अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी पदस्थापित करते हुए वहाॅ के अनुमण्डल पदाधिकारी को अतिरिक्त ***सुरक्षा व्यवस्था के तहत 2–8 शस्त्र नियमित आरक्षी बल उपलब्ध कराया जाय और खड़गपुर थाने को शसक्त बनाने हेतु वहाॅ आरक्षी उपनिरीक्षक, सहायक आरक्षी उपनिरीक्षक के पदों को शीध्र भरने की कार्रवाई की जाय ।***

अगर उक्त कार्रवाई शीध्रताशीध्र नहीं की जाती है और हमारे पदाधिकारी को जान–माल का किसी प्रकार का नुकासन होता है तो इसकी सारी जिम्मेवारी सरकार पर होगी ।

15/4/06   15/4/06

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष

प्रतिलिपि – माननीय मुख्यमंत्री के सचिव/ विशेष सचिव, **मुख्य**मंत्री सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि इसमें शीध्रता**शीध्र** कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि – सभी दैनिक समाचार पत्रों के संपादक को सूचनार्थ एवं **प्रकाशन**ार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि – निदेशक, आकाशवाणी, दूरदर्शन को सूचनार्थ एवं प्रसारना**र्थ प्रेषित** ।

15/4/06

(**विपिन कुमार** सिन्हा)
महासचिव